## खास-खबरें

### फसल बीमा योजना पर कार्यशाला, किसानों से 31 जुलाई तक बीमा कराने की अपील



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2026 में अधिक से अधिक किसानों का फसल बीमा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में सहकारी समितियों और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) प्रतिनिधियों की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ अजय कुमार ने कहा कि अल-नीनो के संभावित प्रभाव, अनियमित वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को देखते हुए किसानों को 31 जुलाई तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं, सूखा, अतिवृष्टि और अन्य मौसम संबंधी जोखिमों से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई में सहायक है। उन्होंने सभी वीएलई और पैक्स प्रतिनिधियों से किसानों का समय सीमा के भीतर पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कार्यशाला में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रतिनिधि विनय यादव ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की नामांकन प्रक्रिया और पंजीयन संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

### पंकज जोशी बने लोक निर्माण विभाग में विधायक प्रतिनिधि



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंदसौर के लिए पंकज जोशी को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। नियुक्ति पर पंकज जोशी ने विधायक विपिन जैन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग से संबंधित नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### यूसीसी के समर्थन में अखाड़ा परिषद पूरे देश में लागू करने की वकालत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का समर्थन करते हुए पूरे देश में इसे लागू करने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और सामाजिक समरसता के लिए 'एक राष्ट्र, एक कानून' की व्यवस्था समय की मांग है। बुधवार को जारी बयान में रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि उत्तराखंड के बाद अब देशभर में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाए जाने चाहिए। उनका कहना था कि अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के स्थान पर सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी व्यवस्था होने से संविधान की समानता की भावना को मजबूती मिलेगी। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा यूसीसी के संबंध में किए जा रहे प्रयासों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विवाह, उत्तराधिकार और पारिवारिक कानूनों में एकरूपता आने से सामाजिक विसंगतियां कम होंगी।

### जनगणना 2027: ग्राम निर्देशिका के लिए 57 पटवारियों को दिया प्रशिक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, पीथमपुरः** जनगणना 2027 के तहत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी) की ग्राम निर्देशिका संबंधी प्रशिक्षण नगर पालिका परिषद पीथमपुर के परिषद सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरती गरवाल, कार्यालय अधीक्षक विजय अहीर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

प्रशिक्षण का संचालन हुकुमचंद्र पर्वते एवं आशीष कुमार श्रीवास्तव ने किया। इसमें नगर पालिका परिषद पीथमपुर, नगर परिषद मांडव और तहसील कार्यालय पीथमपुर (ग्रामीण) के 57 ग्राम पटवारियों के साथ एआरआई अजय अग्रवाल ने भी सहभागिता की।

प्रशिक्षण के दौरान ग्राम निर्देशिका के लिए शैक्षणिक, चिकित्सा, पेयजल एवं स्वच्छता, संचार एवं परिवहन, बैंक एवं ऋण, विद्युत एवं ईंधन, भूमि उपयोग एवं सिंचाई, प्रमुख कृषि उत्पाद तथा विनिर्माण एवं हस्तशिल्प से संबंधित जानकारी के संकलन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई।

# दुकानों, ढाबों और मकानों के सामने कचरा मिलने पर लगेगा स्पॉट फाइन : कलेक्टर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा संबंधी समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि किसी दुकान, ढाबे या मकान के सामने कचरा पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ तत्काल स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि स्वच्छता कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई होगी।

बैठक में कलेक्टर ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी निकायों और ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत कचरा कलेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में कचरा वाहन उपलब्ध हैं, वहां तत्काल नियमित संग्रहण शुरू किया जाए। संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए दो से तीन पंचायतों के बीच एक वाहन संचालित करने तथा उसके लिए तय रूट और समय निर्धारित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जिन पंचायतों में कचरा डंपिंग के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां तत्काल स्थान चिन्हित किया जाए। गीले, सूखे, प्लास्टिक और अन्य कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में कचरा संग्रहण और पृथक्करण के लिए दो कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने बड़े रीयूजेबल बैग उपलब्ध कराने और जिला व विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सप्ताह में कम से कम दो से तीन बार सुबह फील्ड भ्रमण करने के निर्देश दिए। साथ ही शिप्रा ब्रिज से अवैध ठेले हटाने, शिप्रा घाट और मुख्य मार्गों पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा मुख्य सड़कों पर कहीं भी कचरे का ढेर नहीं दिखाई देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण के तहत एग्रीस्टैक कार्य, लंबित भूमि आवंटन प्रकरण, नल-जल योजनाओं, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना तथा स्कूलों में नामांकन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को साप्ताहिक लक्ष्य तय कर समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए।

वर्षाकाल को देखते हुए उन्होंने मुख्य मार्गों पर गोवंश प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़कों पर गोवंश नहीं बैठना चाहिए। संबंधित विभागों को प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी और समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित मामलों का विशेष अभियान चलाकर निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों को स्वयं शिकायतकर्ताओं से संवाद कर समस्याओं का समाधान करने और सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग 'ए' ग्रेड में लाने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री ने डीजीपी कैलाश मकवाना की माता को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन प्रवास के दौरान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना की माता स्वर्गीय गंगा देवी मकवाना के निधन पर उनके राजस्व कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय गंगा देवी मकवाना के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिवार से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, संजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विदिशा जिले के सुविख्यात विशिष्ट आस्थाधाम मानोरा धाम में रथयात्रा निकलेगी आज

**विदिशा।** इस वर्ष मानोरा धाम में आज 16 जुलाई को निकाली जाने वाली रथयात्रा हेतु शासन-प्रशासन सहित श्रद्धालुओं द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। भोपाल संभाग के आयुक्त तथा पुलिस महानिरीक्षक द्वारा इस धामकी यात्रा कर एक ओर जहां वहां पूजा-अर्चना की गई, वहीं दूसरी ओर व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण भी किया गया। आज निकलने वाली रथयात्रा में प्रशासन तथा पुलिस के वरिष्ठ उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शी नेतृत्व में लगभग 500 सुरक्षाकर्मियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था संभाली जाएगी। यह मेला इतना विराट-विशाल होता है कि शासन-प्रशासन द्वारा अनेक मार्गो को डायवर्ट पर आवागमन को सुचारू बनाने की समुची व्यवस्था की गई है, क्योंकि इस मेले में जिले के साथ प्रदेश-देश के अन्य भागों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते रहे हैं।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** कलेक्टर अदिति गर्ग ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने नव निर्मित मातृ एवं शिशु कल्याण (एमसीएच) भवन का निरीक्षण करते हुए ऑपरेशन थिएटर (ओटी) और लेबर रूम शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल की साफ-सफाई, ओपीडी, अस्थि रोग, दंत रोग, फिजियोथेरेपी, मानसिक स्वास्थ्य, स्त्री एवं बाल रोग विभाग, लेबर रूम तथा पीएनसी-एनआरसी वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर उपचार एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल की सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने एनसीडी शाखा में उपचार एवं दवाओं के रिकॉर्ड की जांच की तथा डॉक्टरों की बैठक व्यवस्था और सुविधाओं के विस्तार के निर्देश दिए। उन्होंने भर्ती मरीजों के परिजनों के ठहरने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और गनेड़ीवाल धर्मशाला के जीर्णोद्धार के भी निर्देश दिए।

### सड़कों पर घूम रहे गोवंश से बढ़ी दुर्घटनाओं की आशंका

**गंजबासौदा।** नगर की प्रमुख सड़कों और चौराहों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई स्थानों पर सांडों के आपस में भिड़ने से यातायात बाधित हो जाता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। लोगों का कहना है कि गोवंश के अचानक सड़क पर आ जाने से कई बार वाहन चालक असंतुलित हो जाते हैं, जिससे हादसे और लोगों के घायल होने की घटनाएं सामने आती हैं। व्यस्त चौराहों पर गोवंश की मौजूदगी के कारण जाम की स्थिति भी बन जाती है। नागरिकों का कहना है कि शासन द्वारा गोवंश के संरक्षण के लिए गौशालाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन क्षमता से अधिक गोवंश होने के कारण सभी पशुओं को वहां नहीं रखा जा पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से शहर में घूम रहे निराश्रित गोवंश को चिन्हित कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने की मांग की है।

## युवा स्वाभिमान यात्रा में जीतू पटवारी ने सरकार पर साधा निशाना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में निकली 'युवा स्वाभिमान यात्रा- छात्रों की गूंज' बुधवार को सीहोर पहुंची। साइकिल यात्रा और जनसभा के माध्यम से कांग्रेस ने बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, पेपर लीक और किसानों के मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा।

आष्टा से शुरू हुई यात्रा कोठरी, अमलाहा, सौंडा, नापली और मुगीसपुर होते हुए सीहोर पहुंची। शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया और बड़ी संख्या में साइकिलों के साथ इसमें शामिल हुए। कोतवाली चौराहे पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में 90 पेपर लीक हुए और 50 परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। उन्होंने कहा कि इन मामलों में बड़े दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के कारण युवा मानसिक तनाव झेल रहे हैं। उन्होंने बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर भी सरकार को घेरा तथा कहा कि कांग्रेस इन मुद्दों को जनता के बीच उठाती रहेगी। जनसभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का काफिला भोपाल के लिए रवाना हुआ, जहां मुख्यमंत्री निवास के घेराव का कार्यक्रम प्रस्तावित था। यात्रा को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव सहित पार्टी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 88 लाख रुपये की लागत से बढ़िया खेड़ी में सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** बढ़िया खेड़ी क्षेत्र में बुधवार को 88 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य का मशीन पूजन कर शुभारंभ किया गया। यह सड़क पार्टी मोहल्ला से खेड़ापति मंदिर तक बनाई जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर विधायक सुरेश राय ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से सीवरेज कार्य के कारण रुकी हुई थी। अब सीवरेज कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शहर के विकास के लिए लगातार बेहतरीन कार्य कर रहे हैं और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि बढ़िया खेड़ी की यह सड़क लंबे समय से सीवरेज कार्य के कारण नहीं बन पा रही थी। अब कार्य पूर्ण होने के बाद सीसी रोड निर्माण शुरू हो गया है। इस मार्ग की खराब स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों के साथ-साथ आसपास के लोगों को परेशानी होती थी सड़क खराब होने के कारण क्षेत्र के स्कूलों में आने-जाने वाले बच्चों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ती थी।

बरसात के दौरान कीचड़ और जलभराव से आवागमन बेहद कठिन हो जाता था। अब सीसी रोड बनने से क्षेत्रवासियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्त्री, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद प्रतिनिधि राहुल राय, पार्षद राजेश मजीरिया, मुकेश मेवाड़ा, भजन परमार, कमलेश राठौर, नरेंद्र राजपूत सहित बढ़िया खेड़ी के बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित रहे।

### तीन माह बाद भी सूने मकान में लाखों की चोरी का खुलासा नहीं

**बरेली।** नगर की प्रेम नगर कॉलोनी वार्ड क्रमांक-4 में करीब तीन माह पहले सूने मकान में हुई लाखों रुपये की चोरी का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। पीड़ित परिवार और क्षेत्रवासियों ने मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कृष्णकांत दुबे अपने भांजे की शादी में शामिल होने बाहर गए थे। लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले और घर का सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात बदमाश सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गए थे। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि तीन माह बीतने के बावजूद पुलिस चोरी की वारदात का खुलासा नहीं कर सकी है, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। पीड़ित परिवार लगातार पुलिस अधिकारियों से मामले में प्रभावी कार्रवाई की मांग कर रहा है। इधर, 5 जुलाई की रात नगर के व्यवसायी राजेंद्र वर्मा के यहां हुई करीब एक करोड़ रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने गुना जिले से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में वारदात स्वीकार की है।

## चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं और शिक्षकों का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, नागदाः** भारतीय जनता पार्टी के शहीद भगत सिंह शक्ति केंद्र एवं नगर मंडी मंडल के तत्वावधान में 'मोदी जी के 12 वर्ष-विकास के, विश्वास के, जनकल्याण के' विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों का बुधवार को सम्मान किया गया। समारोह में विजेताओं को नगद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि नागदा को केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, शक्ति केंद्र प्रभारी सुबोध स्वामी और प्राचार्य देवेंद्र दवे ने भी विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8, 9 से 10 तथा 11 से 12 तक के वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः दो हजार, पंद्रह सौ और एक हजार रुपये के नगद पुरस्कार दिए गए। विभिन्न वर्गों में सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की चित्रकला प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही।

समारोह में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों का भी शाल और सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## 100 बेड का दावा, 55 पर इलाज; भैरूंदा अस्पताल में एक बेड पर दो मरीज



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** तहसील मुख्यालय स्थित सिविल अस्पताल में चिकित्सकों, स्टाफ और बेड की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कागजों में 100 बेड क्षमता वाले अस्पताल में फिलहाल केवल 55 बेड संचालित हैं। हाल ही में सड़क दुर्घटना में घायल 25 से अधिक मजदूरों के एक साथ पहुंचने पर अस्पताल में एक ही बेड पर दो-दो मरीजों का इलाज करना पड़ा।

मंगलवार को भैंसान-आमिरगंज मार्ग पर मजदूरों से भरी पिकअप पलटने के बाद घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पहले लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में भैरूंदा सिविल अस्पताल लाया गया। अधिक मरीज पहुंचने से अस्पताल में बेड कम पड़ गए। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल और अन्य बड़े अस्पतालों के लिए रेफर करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण अधिकांश गंभीर मरीजों को सीहोर या भोपाल भेजना पड़ता है। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 300 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं, लेकिन डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कमी के कारण सभी को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। महिला विशेषज्ञ चिकित्सक के स्थानांतरण के बाद अब तक नई नियुक्ति नहीं होने से गर्भवती महिलाओं और अन्य महिला मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी अस्पताल में विशेषज्ञ सेवाओं के अभाव का लाभ निजी अस्पतालों को मिल रहा है। मजबूरी में मरीज निजी अस्पतालों में इलाज और जांच कराने को विवश हैं। लाड़कुई, गोपालपुर, इटावा और पिपलानी सहित आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों में भी चिकित्सकों की कमी बनी हुई है।

सीबीएमओ डॉ. मनीष सारस्वत ने बताया कि अस्पताल में 100 बेड के लिए वार्ड तैयार है। वर्तमान में 55 बेड संचालित हैं और शेष बेड जल्द शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी की जानकारी जिला एवं संभाग स्तर पर भेजी गई है और शीघ्र नियुक्तियां होने की उम्मीद है। स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, पर्याप्त बेड, दवाओं और जांच सुविधाओं की व्यवस्था करने की मांग की है।


### भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ऑफिस नंबर 201बी, दूसरी मंजिल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर-3बी, वाईफ़ाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे (पश्चिम)- 400604

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोज सेठिया/ दामिनी सेठिया/ TBBHP00006561625 | फ्लैट नंबर 102, किंग्स ब्लॉक (टाइप ए), पहली मंज़िल, किंग्स पार्क्स सिटी, वार्ड नंबर 24, पीएच नंबर 03, खसरा नंबर 70/1/1, राजस्व मंडल 1, ग्राम पिपलिया गज्जू, तहसील गोहरगंज, मंडीदीप, मध्य प्रदेश, रायसेन- 462001/ जुलाई 10, 2026 | सितंबर 29, 2025 रु. 21,00,418.63/- | रायसेन |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(याँ) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जुलाई 16, 2026, स्थान : रायसेन** **भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**